# कोस्त्युक ने स्वियातेक को किया बाहर

## यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को हराया

### 81 17 साल बाद सिर्स्टिया क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं



**पेरिस, 1 जून. फ्रेंच ओपन 2026 में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब यूक्रेन की 15वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने चार बार की चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया. महिलाओं के एकल वर्ग के चौथे दौर में कोस्त्युक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वियातेक को 7-5, 6-1 से मात दी. इस जीत के साथ उन्होंने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली, जबकि टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार मानी जा रही स्वियातेक का अभियान समाप्त हो गया.**

एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन कोस्त्युक ने महत्वपूर्ण मौकों का फायदा उठाते हुए बढ़त हासिल की. दूसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाया और स्वियातेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया. हार के बाद स्वियातेक ने स्वीकार किया कि वह पूरे मैच के दौरान दबाव में रहीं और अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं.

कोस्त्युक का अगला मुकाबला अपनी ही देश की एलिना स्वितोलिना से होगा. स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया. इस मुकाबले की विजेता ओपन एरा में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली यूक्रेनी महिला खिलाड़ी बनेगी. महिलाओं के वर्ग में एक अन्य मुकाबले में रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने चीन की वांग शियू को 6-3, 7-6 (4) से हराकर 2009 के बाद पहली बार फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई. यह उनके करियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है. सिर्स्टिया ने पहले ही संकेत दिए हैं कि यह उनके पेशेवर करियर का आखिरी सत्र हो सकता है, ऐसे में यह उपलब्धि उनके लिए और भी खास बन गई है. क्वार्टरफाइनल में सिर्स्टिया का सामना रूस की युवा स्टार मिरा एंड्रीवा से होगा. एंड्रीवा ने स्विट्जरलैंड की जिल टाइचमैन को 6-3, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार रोलां गैरोस के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया.

> हालांकि वांग शियू हार गईं, लेकिन उनका प्रदर्शन भी सराहनीय रहा. उन्होंने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम-16 में जगह बनाई. चोटों से जूझने के बाद मार्च में वापसी करने वाली वांग ने क्वालिफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ तक शानदार सफर तय किया और लगातार छह मैच जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया. पुरुष एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नीदरलैंड्स के जेस्पर डी जोंग को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. वहीं दिन का एक और बड़ा उलटफेर ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने किया. फोन्सेका ने लगभग चार घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड को 7-5, 7-6 (6), 5-7, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई.



# भारत ने कोरिया को रौंदा

**काकामिगाहारा (जापान), 1 जून. भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को पूल ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली.**

कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारत ने मैच पर शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा. वरिंदर सिंह और शाहरुख अली ने भी एक-एक गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम आक्रामक नजर आई. तीसरे मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को भारत ने गोल में बदलते हुए बढ़त हासिल कर ली. राहुल यादव के शानदार पास पर कप्तान केतन कुशवाहा ने शुरुआती प्रयास विफल होने के बावजूद रिबाउंड पर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर भारत का खाता खोला. इस गोल ने भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा दिया. भारत ने दबाव बनाए रखा और पांचवें मिनट में दूसरा गोल दागकर कोरिया को बैकफुट पर धकेल दिया. गाजी खान की बेहतरीन समझदारी का फायदा उठाते हुए वरिंदर सिंह ने गेंद को नेट में पहुंचाया और स्कोर 2-0 कर दिया. शुरुआती दो गोलों ने मैच की दिशा काफी हद तक तय कर दी.

> दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने संयमित खेल दिखाया. हालांकि भारत के पास गेंद पर अधिक नियंत्रण रहा, लेकिन कोई बड़ा मौका नहीं बन सका. इसी दौरान 21वें मिनट में कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान यून जेह्योक ने गोल में बदलकर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा. पहले हाफ की समाप्ति तक भारत 2-1 से आगे था.

## एक नजर में

### एल.बी. शास्त्री कोचिंग सेंटर जीता



**नयी दिल्ली.** एल.बी. शास्त्री कोचिंग सेंटर ने 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि.) के एक रोमांचक और हाई-स्कोरिंग मुकाबले में प्रोफेशनल मैनेजमेंट क्रिकेट क्लब (पीएमसीसी) को सोमवार को 24 रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की. पहले बल्लेबाजी करते हुए एल.बी. शास्त्री कोचिंग सेंटर ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. जवाब में पीएमसीसी की टीम 18.3 ओवरों में 176 रन पर सिमट गई. एल.बी. शास्त्री की पारी की नींव मैन ऑफ द मैच रवनीत तंवर ने रखी. रवनीत ने 27 गेंदों में 39 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 शानदार छक्के शामिल थे. उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और बड़े स्कोर की दिशा तय की. रवनीत का योगदान केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं रहा. उन्होंने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए और मैच के दोनों विभागों में अपनी छाप छोड़ी. उन्हें बल्लेबाजी में विनय का भरपूर साथ मिला, जिन्होंने मात्र 20 गेंदों में 44 रन की विस्फोटक पारी खेली. वहीं कौशल सुमन ने 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया. अंत में सम्पूर्ण (26 रन) और देव दुबे (15 रन) की उपयोगी पारियों ने टीम को 200 रन के आंकड़े तक पहुंचाया.

### कोहली को खुलकर खेलने की दी आजाद : वरुण

**अहमदाबाद.** पूर्व भारतीय क्रिकेट वरूण ऐरन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भरोसेमंद मध्यमक्रम के कारण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खुलकर खेल पाये. ईएसपीएन टाइम आउट कार्यक्रम के दौरान ऐरन ने यह बात कही. कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट में टॉम मूडी ने कहा कि कोहली ने मैच में अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया. वहीं वरुण ऐरन का मानना है कि इसकी मुख्य वजह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत मध्यक्रम है. उनके अनुसार, वह ज्यादा आनंद इसलिए ले पा रहे हैं क्योंकि उनके पास भरोसेमंद मध्य क्रम है, जिसने कोहली को खुलकर खेलने की आजादी दी है. मूडी कहा, इस साल कोहली के बारे में जो बात मुझे सबसे अलग लगती है, वह यह है कि वह बल्लेबाज़ी करते हुए वह इसका लुत्फ़ उठा रहे हैं. मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में वह बल्लेबाजी को एक बिजनेस की तरह ले रहे थे. वह उस बिजनेस को बस संभाल रहे थे. लेकिन इस सीज़न में मुझे ऐसा खिलाड़ी दिखा, जो सब कुछ छोड़कर सिर्फ़ खेल का लुत्फ़ उठा रहा है. उनकी प्रतिभा और क्लास की वजह से हर चीज़ बेहतर हो रही है- बाउंड्री, स्ट्राइक रेट, सब कुछ, क्योंकि उनके पास परफ़ेक्ट गेम है. उन्होंने खुद को खुला छोड़ दिया है और वह लुत्फ़ उठा रहे हैं. इसका फायदा सभी को हो रहा है- आरसीबी को भी, प्रशंसकों को और खेल को भी. ऐरन का तर्क है कि बदलाव केवल कोहली में नहीं, बल्कि आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम में भी आया है.

### महाकाल का आशीर्वाद लेकर तैयारी में जुटी फाल्कन्स

**उज्जैन (मध्य प्रदेश).** उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया. माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंचाइजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है. आईपीएल में तीन मैचों में चार विकेट लेने वाले माधव के अलावा टीम में यश दुबे, चंचल राठौर, आर्यन पांडे और सोहम पटवर्धन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल हैं. पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे के मार्गदर्शन में टीम ने हाल के दिनों में नेट्स पर खूब पसीना बहाया है. टीम का पूरा ध्यान लीग शुरू होने से पहले सही लय हासिल करने पर है. हाल ही में उज्जैन फाल्कन्स की नई जर्सी भी लॉन्च की गई है. मंदिर दर्शन के बाद उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कालानी ने कहा, 卐महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है. टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले पूरी टीम का यहां आकर आशीर्वाद लेना हमारे लिए बेहद विशेष क्षण था. हमने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह तैयार किया है, जो हर दिन कड़ी मेहनत के साथ सीजन की तैयारी कर रहा है. उज्जैन फाल्कन्स अपने एमपीएल टी20 2026 अभियान की शुरुआत 3 जून को इंदौर के होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीताज के खिलाफ करेगी. टीम- माधव तिवारी, आर्यन पांडे, चंचल राठौर, अधीर प्रताप सिंह, यश दुबे, सोहम पटवर्धन, शुभम कुशवाह, मासूम रज़ा कैफ, ओजस्व यादव, गजेंद्र गोस्वामी, आयुष मानकर, अंकुर सिंह चौहान, ऋषि मिगलानी, हर्षवर्धन हार्डिया, नवीन नागले, विशेष मुद्गल और दर्शन राठौर.

# अरेरा ग्रीन और ब्लू के बीच हुआ सीनियर एज ग्रुप का फाइनल मैच



**भोपाल. अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में अन्तिम दिन सीनियर एज ग्रुप में फाइनल मैच अरेरा ग्रीन और ब्लू के बीच हुआ.**

ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर्स में सभी विकेट खोकर 251रन बनाए. रुद्र तेनगुरिया ने 94, नीर यादव ने 55,0 तेजस लोधी और आशुतोष गिरि ने 27-2 7 रन बनाए. गेंदबाजी में नीरज ग्रोवर, रोशन नायक, अर्जुन शुक्ला और लक्की सूर्यवंशी ने 2-2 विकेट लिए. 2 बल्लेबाज रन आउट हुए. जवाब ब्लू हाउस 32.3 ओवर्स में सभी विकेट खोकर 141 रन बनाए. अर्जुन शुक्ला ने 60, नीरज ग्रोवर ने 38 और पीयूष सिंह ने 19 रन बनाए. ग्रीन हाउस की ओर से हर्षित ओझा ने 4 और प्रतीक शुक्ला ने 3 विकेट लिए. ग्रीन हाउस 110 रनों से विजय प्राप्त कर चैम्पियन बना. रुद्र तेनगुरिया प्लेयर आफ द मैच बने.

# रजत पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान

## अब हमारा ध्यान तीसरी बार कैसे किया जाए



**अहमदाबाद, 01 जून रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने हम जीत का जश्न माना रहे लेकिन हमारा ध्यान अब इस बात पर है कि इस लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए.**

गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान थी. जो व्यक्ति आमतौर पर अपनी भावनाएं ज़्यादा जाहिर नहीं करता, उसके लिए यह मुस्कान किसी भी शब्द से अधिक कह रही थी. उनके बगल में रखी ट्रॉफी को बीच-बीच में देखना और उसे महसूस करना उस कप्तान की संतुष्टि को दिखा रहा था. इस पल को और भी ख़ास बनाने वाली बात इसका समय था. यह उनका 33वां जन्मदिन भी था.

उन्होंने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह शानदार एहसास है. आज मेरा जन्मदिन है और इससे बेहतर तोहफ़ा नहीं हो सकता. मैं ऐसा इंसान हूं, जो हमेशा वर्तमान में जीने पर ध्यान देता है. हमने लगातार दो ख़िताब जीते हैं, इसका जश्न मनाएंगे, लेकिन अब ध्यान इस बात पर होगा कि लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए. इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता. जब आप ट्रॉफ़ियां जीतते हैं, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं देखते. इससे बड़ा कुछ नहीं है. जब उनसे दोनों ख़िताबी सफ़र की तुलना करने को कहा गया, तो पाटीदार को लगा कि 2026 का ख़िताब कहीं न कहीं पहले से तय सा लग रहा था, क्योंकि लीग चरण में टीम का दबदबा साफ़ दिखाई दिया था.

> उन्होंने कहा, पिछले साल काफी दबाव था इस साल मैं ज़्यादा शांत था. पूरे टूर्नामेंट में हमने सिर्फ़ खेला नहीं, बल्कि दबदबा बनाया. मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो आरसीबी के लिए दूसरा खिताब जीत सकते हैं. कप्तान के तौर पर मैं बहुत ज़्यादा भावनाएं जाहिर नहीं करता, लेकिन साथ ही मैच की परिस्थितियों को समझता हूं. बेशक आपको समर्थन की जरूरत होती है और मुझे टीम प्रबंधन व खिलाड़ियों से भरपूर समर्थन मिला. जिन चीज़ों पर उन्होंने सबसे ज़्यादा मेहनत की, उनमें बल्लेबाज़ी और कप्तानी को अलग-अलग रखना शामिल था.

# ऑस्ट्रेलिया की टीम वोल्पाटो को मिली जगह



**सिडनी, 01 जून फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी टीम का की घोषणा कर दी है इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पहली बार विश्व कप खेल सकते हैं और दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है.**

चयनकर्ताओं ने टीम में इटली में रहने वाले अटैकिंग प्लेमेकर क्रिस्टियन वोल्पाटो को भी शामिल किया गया है. वोल्पाटो ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इटली के बजाय ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने का फैसला किया है और वह वर्ल्ड कप में अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं. 22 साल के वोल्पाटो का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूथ इंटरनेशनल स्तर पर इटली की तरफ से खेला था.

टीम में उनके साथ ऐसे स्ट्राइकर टेटे येंगी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और जो जापान में क्लब फुटबॉल खेलते हैं. विश्व कप में टीम की कप्तानी गोलकीपर मैट रयान और विंगर मैथ्यू लेकी करेंगे. ये दोनों सॉकरूस के तीसरे और चौथे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो चार वर्ल्ड कप में खेलेंगे. हेड कोच टोनी पोपोविक ने एक बयान में कहा, इस फाइनल वर्ल्ड कप टीम को चुनने में कई बातों का ध्यान रखा गया है. कुछ मुश्किल फैसले भी लेने पड़े - बड़े टूर्नामेंट्स में ऐसा ही होता

### रंकीरेड्डी-चिराग माथियास बो के साथ फिर से जुड़े

**नयी दिल्ली.** भारत की शीर्ष युगल बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स से पहले डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर से जुड़ गए हैं. मैथियास बो, जो पुरुषों के डबल्स में लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं, ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारत की टॉप पुरुषों की युगल बैडमिंटन जोड़ी के साथ चुपके से काम करना शुरू कर दिया था. बो ने स्पष्ट किया कि वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे.

# 2026 एशियाई खेलों से पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में 22 रोअर्स शामिल

**नयी दिल्ली, 01 जून मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 174वीं बैठक में, 2026 एशियाई खेलों (आइची-नागोया में होने वाले) और अन्य आने वाले प्रतियोगिताओं से पहले, कई रोअर्स को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है.**

यह लिस्ट सालाना राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) द्वारा क्रू को अंतिम रूप दिए जाने के बाद तैयार की गई है. अब कुल 22 रोअर्स छह अलग-अलग नावों में टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं. यह क्रू अब रोइंग से जुड़े बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों, जिनमें एशियाई खेल और विश्व कप सर्किट शामिल हैं, के लिए तैयारी करेगा. शामिल किए गए प्रमुख नामों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविंदर सिंह और अन्य शामिल हैं. इन 22 रोअर्स को अलग-अलग नावों के ग्रुप में बांटा गया है, जिनमें पुरुषों की एकल स्कल्स (एम1एक्स), पुरुषों की युगल स्कल्स (एम 2 एक्स), पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स (एम 4 एक्स), लाइटवेट



## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर

सात्विक-चिराग और सिंधु से बड़ी उम्मीदें, सिंगापुर ओपन की सफलता को दोहराने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

# इंडोनेशिया ओपन में भारतीय शटलरों पर नजर



**जकार्ता, 1 जून. सिंगापुर ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की निगाहें अब इंडोनेशिया ओपन 2026 पर टिकी हैं. मंगलवार से शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से देश को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी.**

भारतीय खिलाड़ी सिंगापुर में हासिल की गई लय को बरकरार रखते हुए जकार्ता में भी दमदार चुनौती पेश करना चाहेंगे. पुरुष युगल में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक-चिराग आत्मविश्वास से भरे हुए हैं. भारतीय जोड़ी ने पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन का खिताब जीतकर दो वर्षों से चला आ रहा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब का इंतजार समाप्त किया था. इससे पहले उन्होंने 2024 में थाईलैंड ओपन जीता था. सिंगापुर में मिली सफलता के बाद दोनों खिलाड़ी इंडोनेशिया ओपन में भी खिताब की प्रबल दावेदारी पेश करेंगे. महिला एकल में पीवी सिंधु ने भी सिंगापुर ओपन में अपने पुराने रंग की झलक दिखाई. सिंधु ने इंडोनेशिया की विश्व नंबर छह पुत्री कुसुमा वर्दानी और जापान की रिको गुंजी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी. हालांकि उन्हें मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर एक एन से-यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा.

> जकार्ता में भी दूसरे दौर में सिंधु और एन से-यंग की संभावित भिड़ंत देखने को मिल सकती है. महिला एकल में भारत की ओर से उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ भी चुनौती पेश करेंगी. दोनों युवा खिलाड़ियों के पास बड़े मंच पर खुद को साबित करने का अच्छा अवसर होगा. पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पर भारत की उम्मीदें टिकी रहेंगी. लक्ष्य ने सिंगापुर ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, जबकि प्रणॉय ने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था.